दैनिक
राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 104 | लखनऊ, शुक्रवार, 01 नवम्बर, 2019 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

प्रदूषण रोकने हेतु विराम-5, गोमतीनगर में जन-जागरण की अनोखी पहल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज

लखनऊ। विराम खण्ड-5 गोमतीनगर के जनकल्याण समिति व एल्डर्स हब के पदाधिकारी व सदस्यों, जी.एन.सिन्हा, अध्यक्ष; आर.एस. मिश्र, सचिव; डा. भरत राज सिह, वरिष्ठ पर्यावरणविद; उमेश चंद तिवारी, सेवा-निवृत्त आई.ए.एस., जगदीश चंद साह, एस.बी.एल. मेल्होत्रा आदि ने वासंतीपार्क में दिया जलाकर दिवाली के त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया । जनकल्याण समिति के सदस्यों ने प्रदेश वासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाए व बधाई दी तथा इस समृद्धि के पर्व पर दिवाली त्योहार को भाईचारे और शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु धुआं पैदा करने वाले क्रैकर्स और तेज आवाज करने वाले पटाखों को न जलाने की अपील की। डा. भरत राज सिह, वरिष्ठ पर्यावरणविद व महा-निदेशक, एस.एम.एस. लखनऊ व समिति के सदस्यों के इस अनूठी पहल का परिणाम रहा कि इस दिवाली पर जीवन-प्लाजा से रेल-लाइन तक के लेन में एक भी लोगो ने पटाखों को नही जलाया । जिसके लिये विराम-खंड-5 के निवासी वधाई के पात्र है।

इस वर्ष वह पटाखे के शहर में कम जलाये जाने व लोगो मे ऐसा न करने की प्रेरणा ने शहर में हवा के जहरीलापन वाली गैसो मे कमी आयी और वातावरण प्रदूसन से जन मानस और जीव-जंतुओ के जीवन को नुकसान कम हो रहा है, और भविष्य में भी इस जन-जागरण से पर्यावरण प्रदूषण में किसी हद तक रोक लगाई जा सके।